आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 17.04.2024
समयः 1830

मुख्य समाचार :—

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार आज शाम थमा, राजनीतिक दल अब अपने प्रत्याशियों के समर्थन में घर—घर जाकर मतदान की अपील कर सकेंगे।

- निर्वाचन आयोग ने राज्य के दूरस्थ मतदान केंद्रों के लिए आज 7 सौ पोलिंग पार्टियों को रवाना किया।

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए एक दिन शेष, 19 अप्रैल को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा मतदान ।

- देश—प्रदेश में रामनवमी का पर्व आज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

चुनाव प्रचार समाप्त

प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार आज शाम थम गया है। अब राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों के समर्थन में घर—घर जाकर मतदान की अपील कर सकेंगे। चुनाव प्रचार समाप्त होने से पहले कांग्रेस, भाजपा, बीएसपी, यूकेडी और अन्य राजनीतिक दलों के साथ ही निर्दलीय उम्मीदवारों ने रैलियों, जनसभाएं और अन्य माध्यमों से अपने पक्ष में चुनाव प्रचार कर समर्थन मांगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने कुमाऊं के हल्द्वानी में नैनीताल—उधमसिंह नगर से पार्टी प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस बीच, कांग्रेस के टिहरी लोकसभा प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला, गढ़वाल प्रत्याशी गणेश गोदियाल, हरिद्वार से उम्मीदवार वीरेंद्र सिंह रावत और अल्मोड़ा से प्रदीप टम्टा ने अपने—अपने क्षेत्रों में चुनाव प्रचार कर मतदान की अपील की। उधर, मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल में रोड़—शो किया और मतदाताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में मजबूती से मतदान करने की अपील की। वहीं पांचों लोकसभा सीटों से भाजपा के प्रत्याशियों ने भी जगह—जगह चुनाव प्रचार किया।

पोलिंग टीमें रवाना—01

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान में अब एक दिन शेष रह गया है। ऐसे में निर्वाचन आयोग ने चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। राज्य भर में बनाए गए मतदान केंद्रों पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस बीच दूरदराज के मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियों को भेजने का सिलसिला जारी है। चुनाव आयोग के अनुसार आज 700 पोलिंग पार्टियों को अपने गंतव्य के लिए रवाना किया गया, जबकि कल करीब 11 हजार पोलिंग टीमें रवाना होंगी। प्रदेश में शांतिपूर्ण और सुरक्षित मतदान के लिए अर्धसैनिक बल की 65 कंपनियां तैनात की गई हैं।

टिहरी से हमारे क्षेत्रीय संवाददाता ने बताया कि आज जिला मुख्यालय से कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान सामाग्री के साथ 15 पोलिंग टीम को रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कल टिहरी संसदीय क्षेत्र और गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के 6 विधान सभाओं के लिए 948 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा।

अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र में शान्ति पूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली हैं। जिले में छह विधान सभाओं के लिए 920 मतदान केंद्र बनाए हैं, सभी नतदान केंद्रों में रिज़र्व समेत 4 हजार 80 कार्मिकों की तैनाती की गई है। आज जिले की छह विधान सभाओं के लिए 133 पोलिंग पार्टियों ने प्रस्थान किया।

उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से आज दूरस्थ मतदान केन्द्रों के लिए 67 पोलिंग पार्टियां को रवाना किया गया, जिसमें पुरोला क्षेत्र की 58, यमुनोत्री क्षेत्र की 7 और गंगोत्री विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की 2 पोलिंग पार्टियां शामिल हैं। उधर, बागेश्वर जिले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि प्रशासन निर्वाचन कराने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। वहीं, चंपावत जिले से 17 मतदान पार्टियों को दूरस्थ मतदान केंद्र के लिए रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पाण्डेय ने बताया कि सभी पार्टियां आज शाम तक अपने गंतव्य तक पहुँच जायेंगी।

<u>मतदान</u>

प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए इस महिने की 19 अप्रैल को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इस लोकसभा चुनाव में राज्य के 83 लाख 37 हजार 914 मतदाता भाग ले रहें हैं, जिसमें 43 लाख 17 हजार 579 पुरुष, 40 लाख 20 हजार 38 महिला और 297 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। राज्य में पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस लोकसभा चुनाव में लगभग 95 फीसदी वृद्ध और सर्विस मतदाताओं ने मतदान किया है।

<u>मतदाता जागरूकता</u>

लोकसभा चुनाव में प्रदेश के मतदाताओं की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग का जागरूकता अभियान जारी है। राज्य के प्रमुख अधिकारी लगातार लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसी क्रम में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने एक वीडियो संदेश जारी कर प्रदेश के 83 लाख से अधिक मतदाताओं से 19 अप्रैल को शत–प्रतिशत मतदान करने की अपील की है।

<u>आदर्श आचार संहिता उल्लंघन</u>

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता के तहत 16 मार्च से अब तक कुल 16 करोड़ 05 लाख रुपये की राशि जब्त की गयी है। देहरादून में आयोजित प्रेस वार्ता में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि पकड़ी गई रकम में 05 करोड़ 70 लाख रुपये नकद मिले हैं। साथ ही एनडीपीएस और नारकोटिक्स के तहत 3 करोड़ 99 लाख रुपये और 2 करोड़ 93 लाख रुपये की शराब बरामद की गई है। इसके साथ ही 3 करोड़ 26 लाख रुपये का सोना, चांदी और अन्य कीमती सामान जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा 8 करोड़ 43 लाख रुपये की बरामदगी हरिद्वार जिले में की गई है। गौरतलब है कि 2019 के लोक सभा सामान्य निर्वाचन में राज्य में 8 करोड़ 81 लाख रुपये की जब्ती हुई थी।

## रामनवमी

आज चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि है। इसे महानवमी या रामनवमी भी कहते हैं। महानवमी पर घर–घर में मां दुर्गा के नौवें स्वरूप माता सिद्धिदात्री की पूजा होती है। महानवमी पर कन्या पूजन के बाद नवरात्रि व्रत का पारण होता है और इस तरह देवी की विदाई हो जाती है। राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामनवमी के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न देवी मंदिरों में भजन–कीर्तन, भण्डारा और कन्या पूजन किया गया। बागेश्वर और चम्पावत जिलों के विभिन्न मंदिरों में माँ सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना व कन्या पूजन के साथ नवरात्रों का समापन हो गया है। अल्मोड़ा में भी रामनवमी का पर्व पूरे हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। जिले के रघुनाथ मंदिर में भगवान श्री राम और पुराना कलेक्ट्रेट मल्ला महल स्थित श्री राम शीला मंदिर में श्रद्धालुओं ने कतार बद्ध होकर भगवान श्री राम के चरण पादुकाओं की पूजा की। मां नंदा देवी मंदिर के पुजारी पंडित प्रमोद पाठक ने बताया कि सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

## सूर्य तिलक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रामलला के सूर्य तिलक को डिजिटल माध्यम से देखा। सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से श्री मोदी ने कहा कि लाखों भारतीयों की तरह यह उनके लिए भी एक भावुक क्षण है। उन्होंने कहा कि अयोध्या की भव्य रामनवमी ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री ने कामना की कि सूर्य तिलक सभी के जीवन में ऊर्जा का संचार करे। उन्होंने इस तिलक से राष्ट्र को गौरव की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की प्रेरणा मिलने की भी कामना की।